## विनोबा भावे विवि में सुना गया पीएम का संवाद




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी ने वेबकास्ट द्वारा विश्वविद्यालय में कार्यरत पदाधिकारी शिक्षक शिक्षकेत्तर और पठान-पाटन कर रहे विद्यार्थियों से सीधा संवाद स्थापित किया। खचाखच भरे विनोबा भावे विश्वविद्यालय के विवेकानंद सभागार विश्वविद्यालय के पदाधिकारी शिक्षक और अलग-अलग विभाग के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। कार्यक्रम का आयोजन यूनिवर्सिटी कॉलेज आफ इंजीनियरिंग के सहयोग से किया गया। खचाखच भरे विवेकानंद सभागार में सबका स्वागत विश्वविद्यालय के सीसीडीसी डॉ के के गुप्ता ने किया। आयोजन प्रमुख डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ एम आलम ने धन्यवाद ज्ञापन पेश किया।

## तीन हिंदुत्व प्रचारक निकले पदयात्रा में

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग के हिंदुत्व प्रचारक अजय दास और उनके दो साथीगण सोमवार को हिंदू राष्ट्र और जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर हजारीबाग से नई दिल्ली के लिए पदयात्रा में निकलें। इससे पूर्व अजय दास, पुरुषोत्तम पांडेय और सुरेंद्र मेहता ने स्थानीय बुढ़वा महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर निकले और नगर भ्रमण के पश्चात आगे बढ़े। हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के निर्देश पर उनके मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने अजय दास से पदयात्रा में निकलने से पूर्व बुढ़वा महादेव मंदिर प्रांगण में मिलें और उन्हें चुनरी ओढ़ाकर सम्मान किया और विधायक मनीष जायसवाल का भेंट और संदेश उनतक पहुंचाया। तीनों यात्री का यह पदयात्रा करीब 15,00 किमी का है और यह करीब 45 दिनों तक चलेगा।

## विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में जिला प्रशासन के सहयोग से व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित न्याय सदन सभागार में विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोडरमा के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार विरेंद्र कुमार तिवारी रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में कोडरमा के पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सैयद सलीम फातमी, जिला जज प्रथम गुलाम हैदर, जिला जज द्वितीय अजय कुमार सिंह, जिला जज चतुर्थ वैशाली श्रीवास्तव, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रताप चंद्रा, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अभिषेक प्रसाद, अवर न्यायाधीश तृतीय मनोरंजन कुमार, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी कंचन टोप्पो, न्यायाधीश प्रभारी प्रशान्त कुमार वर्मा, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी जूही कुमारी, मुंसिफ दानिश नवाज, कोडरमा की प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन गुप्ता, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जगदीश सलूजा, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष डॉक्टर आर के तिवारी सहित कई अन्य अतिथि मौजूद थे। मुख्य अतिथि प्रधान जिला जज विरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि सरकार समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को हर संभव मदद करने के लिए हमेशा तत्पर है कार्यक्रम का संचालन न्यायालयकर्मी रणजीत कुमार सिंह ने क्रिया जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्राधिकार के सचिव अभिषेक प्रसाद ने किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार के कई महात्वाकांक्षी योजनाओ के लाभुकों के बीच योजनाओं का वितरण किया।

## विभिन्न पंचायतों में हुआ शिविर का आयोजन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कोडरमा जिला के सतगावां प्रखंड के बासोडीह, डोमचांच प्रखण्ड के पुरनाडीह, कोडरमा प्रखण्ड के पाण्डेयडीह, जयनगर प्रखण्ड के बेको और मरकच्चो प्रखंड के कादोडीह पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाये गये। इनमें शिविर में स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, कल्याण विभाग, सामाजिक सुरक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, आपूर्ति विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, पेयजल और स्वच्छता विभाग, श्रम विभाग समेत अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाये गये। शिविरों में संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों और अंचल अधिकारियों द्वारा लाभुकों के बीच कंबल का वितरण, राशन, पेंशन स्वीकृति पत्र वितरण, ऋण वितरण समेत अन्य योजनाओं का लाभ दिया गया। जेएसएलपीएस के समूह के बीच ऋण वितरण भी किया गया। साथ ही बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना और साईकिल वितरण योजना का लाभ दिया गया। कार्यक्रम में सभी विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गयी और आवेदन प्राप्त किये गये।

## बरकट्ठा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बरकट्ठा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें एनसीडी स्क्रीनिंग, आयुष्मान कार्ड, स्किल सैल एनीमिया आदि की जांच की गयी। कार्यक्रम में जिला से सिविल सर्जन व जिला प्रशिक्षण पदाधिकारी द्वारा लाभुकों को आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया। विदित हो कि शिविर का आयोजन पंचायत बेडोकला, तूइयो, कपका, गंगपाचो, गयपहाड़ी, सलैया में किया गया। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वास्थ्य विभाग बरकट्ठा के कर्मी, सांसद प्रतिनिधि केदार साव, अनिल कुमार आजाद, सभी सबंधित पंचायत के मुखिया समेत आदि लोग मौजूद थे।

### समाहरणालय में उपायुक्त की अध्यक्षता में राजस्व संबंधित समीक्षा बैठक

# ई-कोर्ट, म्यूटेशन समेत अन्य मामलों का ससमय करें निष्पादन: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** समाहरणालय सभागार में सोमवार को उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में जिलास्तरीय राजस्व संबंधित समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में पीजी पोर्टल, ई-रेवेन्यू कोर्ट, परिशोधन पोर्टल, जीआईएस फोटोग्राफी, वनाधिकार पट्टा, फोरेस्ट से जुड़े मामले, सरकारी भूमि का राज्य स्तरीय अंर्तविभागीय निशुल्क हस्तांतरण से संबंधित लंबित मामले आदि की समीक्षा की गयी। विभिन्न मामलों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कई निर्देश दिये। बैठक में पूर्व के बैठक से संबंधित अनुपालन रिपोर्ट की भी चर्चा की गयी। साथ ही आवश्यक निर्देश दिये गये। पीजी पोर्टल के लंबित मामले की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने बड़कागांव तथा चौपारण अंचलाधिकारी को उनके लॉगिन में प्राप्त शिकायतों को यथाशीघ्र अनिवार्य रूप से निष्पादित करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त अन्य कार्यालय जिनके स्तर से शिकायत लंबित है। उन्हें बैठक में दिये गये समय सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। ई-कोर्ट से संबंधित समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी अंचलाधिकारियों को ई कोर्ट अंतर्गत उनके लॉगिन के लंबित मामले की समीक्षा करने तथा विधिसम्मत आदेश पारित करते हुए यथाशीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिया। म्युटेशन के मामले में उपायुक्त ने विष्णुगढ़, सदर, दारू, चौपारण, बड़कागांव, टाटीझरिया अंचल अधिकारी को अधिकतम 30 दिनों के भीतर ही मामलों का निपटारा करने का निर्देश दिया। वहीं वनाधिकार पटटे के मामले में ग्रामसभा का अनुमोदन लेकर, महत्वपूर्ण लोगों से बातचीत कर मामलों का फॉलोअप करने का निर्देश दिया गया। बैठक में बरही एसडीओ पूनम कुजूर, जिला भू अर्जन पदाधिकारी निर्भय कुमार, बरही भू अर्जन पदाधिकारी अजय भगत, सभी अंचल अधिकारी आदि मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल

**रामदेव खरिका की टीम ने दिगवार को हराकर खिताब पर किया कब्जा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**दारू/हजारीबाग।** प्रखंड अंतर्गत रामदेव खरिका पंचायत के खेल मैदान में सोमवार को मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रामदेव खरिका और दीगवार के बीच सोमवार को खेला गया। खेल का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख कुमारी श्वेता और प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार ने फुटबोल को किक मारर्क किया। इस टूनार्मेंट में कुल सात टीमों ने भाग लिया था जिसमे दिगवार, रामदेव खरिका, जिनगा, मेडकुरी, हरली, कबलासी, दारू इर्गा आदि कि टीम शामिल था। दिगवार और रामदेव खरिका टीम के बीच फाइनल मुकाबले में रामदेव खरिका ने दिग्वार को 2-1 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। वही दिग्वार के टीम उपविजेता रहें। विजेता टीम को संयुक्त रुप से प्रखंड प्रमुख कुमारी श्वेता, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार, रामदेव खरिका पंचायत मुखिया झरना देवी के पुत्र व समाजसेवी प्रतिनिधि प्रभात सिंह, दिगवार पंचायत मुखिया महेंद्र मुर्मू, सदर विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू, बरकट्ठा विधायक प्रतिनिधि बसंत नारायण सिंह, अशोक कुशवाहा काबिलासी पंचायत मुखिया प्रतिनिधी राजेश कुमार, दारू थाना के एएसआइ फूलजेमस खाखा आदि मौजूद थे।

## नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल आज

**केरेडारी (आजाद सिपाही)** सदर विधायक मनीष जायसवाल के द्वारा आयोजित जिले का चर्चित नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच आज केरेडारी के कृषि फॉर्म मैदान में दोपहर 12 बजे से खेला जायेगा। मैच में प्रेरणा क्लब केरेडारी व यूएफसी क्लब लोहरसा पातल की टीमें कप के लिए आमने सामने होंगी फाइनल मैच के विजेता, उपविजेता, टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाडी, सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर व अनिशासित टीम को कप के साथ नकद पुरष्कार राशि प्रदान की जायेगी। आयोजकों के द्वारा फाइनल मैच की तैयारी पूरी कर ली गयी। इस दौरान सदर विधायक, मनीष जायसवाल, सिमरिया विधायक किशुन दास, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा,सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार सहित जिले व केरेडारी प्रखंड के दर्जनों भाजपा कार्यकर्त्ता मौजूद रहेंगे।

## 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड के हरली पंचायत भवन में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार शिविर का आयोजन मुखिया कविता देवी की अध्यक्षता में की गयी। शिविर का संचालन प्रखंड कोऑर्डिनेटर आशीष कुमार और कल्याण पदाधिकारी भास्कर राज द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। शिविर का मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद द्वारा दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। शिविर में कुल 817 मामले आये जिसमें ऑन द स्पॉट 187 मामले निष्पादन किये गये। मौके पर जिप सदस्य, कौशिला देवी, जितेंद्र कुमार मंडल, विशेश्वर नाथ चौबे, सुरेश महतो, संजय कुमार, संतोष राणा, भास्कर राज, प्रखंड कोऑर्डिनेटर आशीष कुमार, हीरो महतो, अरुण पासवान, रुखसाना परवीन, पवन कुमार, आनंद कुमार, विवेक कुमार, सुबोध कुमार सिंह, सहिया साथी, सहिया दीदी, आंगनबाड़ी सेविका सहित स्वास्थ्यकर्मी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे।

## झामुमो के नये प्रखंड अध्यक्ष ने बांटे कंबल




आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के नये प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह ने प्रखंड के सभी 23 पंचायतों में वृद्ध महिला पुरुष व जरूरतमंद लोगों के लिए 405 कंबल उपलब्ध कराया। यह कंबल वितरण के लिए सभी पंचायत अध्यक्ष व सचिव को सौंपा गया। प्रखंड अध्यक्ष ने सभी पंचायत अध्यक्ष व सचिव को निर्देश दिया है कि जल्द से जल्द आम गरीब जरूरतमंद वृद्ध महिला पुरुष के बीच कंबल का वितरण कर दिया जाय, ताकि उन्हें ठंड से बचाया जा सके।

कपकपाती ठंड में लोगों के बीच कंबल का वितरण करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। किसी पंचायत में अतिरिक्त कंबल की आवश्यकता पड़े तो मैं दूंगा। मौके पर प्रखंड सचिव सरोज महतो, कोषाध्यक्ष इंद्रदेव राम, मीडिया प्रभारी संजय भुईंया, हेमंत भुईंया, पूर्व जिला उपाध्यक्ष गुड्डू रविदास, राकेश मिश्रा, विशेश्वर राम के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

# सरकार की नीतियों के खिलाफ डीलर संघ ने काला बिल्ला लगा कर जताया विरोध

**सरकार डीलर संघ की मांग नहीं मानी तो करेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल**

आजाद सिपाही संवाददाता




**दारू/हजारीबाग।** प्रखंड मुख्यालय में डीलर संघ के अध्यक्ष राम प्रकाश वर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को एक बैठक किया गया। इस बैठक मे मौजूद पीडीएस दुकानदार काला बिल्ला लगाकर बैठक में भाग लिये। बैठक में सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया कि सरकार द्वारा यदि डीलरों की मांग को 31 दिसंबर तक मांग पूरी नहीं की गयी तो एक जनवरी 2024 से वह सभी अनिश्चितकालीन हड़ताल करने पर चले जायेंगे। इस बारे मे संध के अध्यक्ष राम प्रकाश वर्मा ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान बताया की सरकार हमलोगों का करोना काल की अवधि पीएमजीकेवाई योजना के तहत बितरित किये गये अनाज की कमिशन राशि का भुगतान नही कर रही है जिसकी मांग बात कर रहे हैं। इसके साथ ही संघ ने कमीशन एक रूपया के जगह तीन रूपया, पीडीएस दुकानदारो को तीस हजार रुपए मानदेय, अनुकंपा नियम के तहत उतराधिकारी को अधिकार देना ।केन्द्रीय कमिटी के निर्देश पर 15 दिसंबर तक सभी काला बिल्ला लगाकर विरोध स्वरूप कार्य करेंगे। केंद्रीय कमेटी का जैसा निर्देश होगा उसी के अनुसार आगे का कार्य किया जायेगा। संघ ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा की यदि 31 दिसंबर तक उनकी मांग पुरा नही किया गया तो 1 जनवरी 2024 से सभी पीडीएस दुकानदार हड़ताल पर चले जायेंगे। सरकार की नीतियों का विरोध करने वालों मे संघ के अध्यक्ष रामप्रकाश वर्मा महासचिव प्रदीप कुमार देव, सचिव मोहम्मद इरशाद, कोषाध्यक्ष दुनेश्वर राम, लक्ष्मी महिला मंडल समूह इरगा, कांति देवी, किशोर प्रसाद, अमित कुमार, श्यामा मोहन प्रसाद, किशोर प्रसाद, नरेंद्र सिंह, सरवन कुमार सिंह, त्रिभुवन प्रसाद सहित कई अन्य पीडीएस दुकानदार मौजूद थे।

## बेडम में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' शिविर का आयोजन



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के बेडम पंचायत के डुमरिया टांड मैदान में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से जिला कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो, प्रमुख संतोष मंडल, बीस सूत्री अध्यक्ष रवि सिंह, बीडीओ सह सीओ रश्मि खुशबू मिंज, मुखिया सुमित्रा कुमारी व अन्य उपस्थित हुए। शिविर में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेंशन, मनरेगा, श्रम, जेएसएलपीएस, आंगनबाड़ी समेत अन्य का स्टॉल लगाया गया था। शिविर में बेडम पंचायत के जुल्मी, पलमा, बेडम, चोंचा, मंगरपट्टा, परतंगा, जोभी सिमरा, चुडको, खैरकोचा, बसरिया समेत अन्य गांव के ग्रामीण उपस्थित हुए। शिविर में विभिन्न स्टॉलों में कई आवेदन आये। इसमें सबसे ज्यादा अबुआ आवास योजना का लाभ लेने के लोग आवेदन करते नजर आये। इसके अलावा मनरेगा जॉब कार्ड, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, पेंशन योजना के स्टॉल पर भीड़ लगी रही। शिविर में 2 सखी मंडल के बीच 6 लाख का चेक, धोती-साडी, केसीसी, जॉब कार्ड, साईकिल की राशि, किशोरी समृद्धि योजना की राशि आदि का वितरण किया गया। शिविर में बिनोद हेंब्रम, सुधीर राय, विश्वजीत दुबे, लालमोहन महतो, जग्रनाथ महतो, मनोज कुमार महतो, अफरोज अख्तर, संतोष राम, अरूण कुमार, दीपक कुमार, महेंद्र कुमार, मनोज यादव, नवनीत कुमार, मनीषचंद्र, शशांक भूषण, डेगलाल बेसरा, रीतलाल महतो, बिनोद महतो, त्रिलोकी महतो व अन्य उपस्थित रहे।

## बरकट्ठा में 'आपकी योजाना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत बरकट्ठा दक्षिणी में आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, मुखिया अब्बास अंसारी, पंसस मुनिया देवी, खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी मिंटू रजक, कृषि पदाधिकारी अशोक ठाकुर, प्रधानाध्यापक महेश प्र चौधरी, डॉक्टर त्रिनीता, पंचायत सेवक उदित नारायण बर्मन ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सबसे अधिक अबुआ आवास योजना के लिए 245 आवेदन, सर्वजन पेंशन योजना के 44, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 56, राशन कार्ड में संसोधन के 10, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के 6, गुरू जी क्रेडिट कार्ड के 5 आवेदन प्राप्त हुए। जबकी साइकिल के लिए डीबीटी 390, जाति प्रमाण पत्र का वितरण 6 लोग का किया गया। मौके पर एसएचजी क्लस्टर सदस्यो के बीच आइडी कार्ड 390 का वितरण, जरूरत मंद 168 लोगों को कंबल तथा 102 कार्डधारकों के बीच धोती, साडी, लुंगी का वितरण किया गया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कुल 1461 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 1097 का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। जबकी 364 प्रोग्रेस में है। इस अवसर पर के चेचकपी मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव, बीपीओ श्यामनाथ वर्मा, अनिमेश सिंह, मुकेश कुमार, राहुल गुप्ता, शिक्षक अशोक विश्वकर्मा संतोष कुमार समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मुखिया ने बच्चों के बीच बांटी पोशाक



**बरही (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत कोरियाड़ीह राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने स्कूली बच्चों के बीच पोशाक का वितरण किया। पोशाक पाकर बच्चे खुश हुए। मुखिया ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि नियमित साफ-सुथरा ड्रेस और बैग, किताब लेकर विद्यालय जरूर आये और शिक्षा ग्रहण करें। शिक्षा से ही आज आंतरिक शक्ति मिलती है और अपना विकास के साथ समाज को बदला जा सकता है। वहीं महिला समाजसेवी सह नेत्री ममता देवी ने कही कि बच्चें मन और ध्यान लगा कर पढ़ाई का गुर सिखाई। मौके पर मुखिया राजेंद्र प्रसाद, महिला समाजसेवी सह नेत्री ममता देवी, पंचायत समिति सदस्य संतोषी कुमारी, उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, प्रधानाध्यापिका मीना कुमारी, सहायक शिक्षक मधु देवी, अजीत प्रसाद, रामजी प्रसाद, रेखा कुमारी, दीनानाथ प्रसाद, अरुण प्रसाद मेहता, शीला देवी, ललिता देवी, पुष्पा देवी, रीना देवी, शोभा देवी, ललिता देवी, शांति देवी, लक्ष्मी देवी, विमला देवी, पूर्णिया देवी, गुड़िया देवी, रेखा कुमारी, सुनीता देवी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** जेएसएलपीएस के तत्वावधान में प्रखंड स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिषर में सोमवार को आयोजित किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रमुख सुनीता देवी, बीडीओ अमित कुमार, उप प्रमुख अमेरिका महतो, जेएसएलपीएस के बीपीएम राम प्रकाश कुमार, बेलतु मुखिया जितनी देवी व केरेडारी मुखिया प्रतिनिधि बैजनाथ महतो ने किया दिप प्रज्वल्लित कर किया। इस प्रतियोगिता में टीम टीमों ने भाग लिया। केरेडारी की टीम ने प्रथम, बेलतु को टीम द्वितीय व सलगा पंचायत की टीम तीसरे स्थान पर रही। कार्यक्रम का सञ्चालन कोडिनेटर प्रकाश कुमार ने किया।

## रामगढ़ के एसपी ने मासिक अपराध समीक्षा बैठक की, दिये कई दिशा-निर्देश

# आर्म्स मामलों में कड़ी कार्रवाई करें: पीयूष पांडेय

**संगठित अपराध और अपराधियों पर कसे नकेल**

**एनडीपीएस के किंग पिन को पकड़ने के लिए रणनीति बनाकर कार्रवाई करने का निर्देश**

**बीरू कुमार**





**रामगढ़।** छत्तरमांडू स्थित एसपी कार्यालय में सोमवार को एसपी पीयूष पांडेय ने अपराध समीक्षा बैठक किया। बैठक में एससीपीओ किशोर कुमार रजक, पतरातु एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार चौधरी, मुख्यालय डीएसपी संजीव कुमार मिश्रा के अलावा सभी थाना व ओपी प्रभारी मौजूद थे। मौके पर एसपी ने सबसे पहले सभी थाना व ओपी में लंबित मामलों का समीक्षा कर निष्पादन करने का निर्देश दिया। साथ ही कुर्की जब्ती के साथ वारंटियों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया।

**एनडीपीएस के किंग पिन को पकड़ने के लिए रणनीति बनाकर कार्रवाई करने का निर्देश:** एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों को एनडीपीएस के मामलों में विशेष निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि इस कारोबार के मुख्य कारोबारी को एक ठोस रणनीति बनाकर गिरफ्तार करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में नशे का कारोबार न हो इसके लिए पुलिस पदाधिकारी विशेष योजना के तहत काम करे।

**कौन कौन थे उपस्थित**

बैठक में रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार महतो, रजरप्पा थाना प्रभारी हरिनंदन सिंह, गोला इंसपेक्टर संजय गुप्ता, थाना प्रभारी प्रभात कुमार, बरलंगा थाना अनंत सिंह, कुजू ओपी प्रभारी विनय कुमार, मांडू थाना प्रभारी अवधेश कुमार, वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी बलवंत दुबे, बरकाकाना ओपी प्रभारी मणिदीप, भदानीनगर ओपी प्रभारी डी प्रसाद, बासल थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह कुंतिया, भुरकुंडा ओपी प्रभारी मयंक सिंह, पतरातू थाना प्रभारी राजदीप सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित।

### बढ़ती दुर्घटना को लेकर कई निर्देश

एसपी ने रांची पटना मुख्य मार्ग फोरलेन पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटना को लेकर गहन मंथन किया। जिसके बाद उन्होंने कई निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम लोग अपने सहूलियत के हिसाब से सड़क के डिवाइडर को तोड़कर सड़क पार करने के लिए रास्ता बना लेते। ऐसे जगहों को चिन्हित कर उसे बंद कराये। ताकि सड़क हादसा में कमी आये।

### एसपी ने पदाधिरियों को दिये कई निर्देश

मौके पर एसपी ने पुलिस पदाधिरियों को कई निर्देश दिया। जिसमें संगठित अपराध, अपराधी सहित आर्म्स एक्ट मामले में कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी हाल में क्षेत्र में अपराध और अपराधी पनप नहीं सके। इसके लिए पुलिस पदाधिकारी टीम भावना से काम करे। एक दूसरे को सहयोग कर अपराधियों के गतिविधि पर नजर रखकर कार्रवाई करे।

### अवैध खनन और कारोबार पर करें कार्रवाई

एसपी ने कहा कि जिले में कोई भी अवैध कारोबार नहीं होना चाहिए। पुलिस पदाधिकारी अपने अपने क्षेत्रों में समीक्षा कर कार्रवाई को लेकर एक विशेष रणनीति बनाकर अवैध खनन और कारोबार पर रोक लगाने के लिए योजनाबद्ध तरीक से कार्रवाई करे। ताकि कारोबार में शामिल कारोबारियों का कमर टूट सके। साथ ही अवैध खनन स्थल को चिन्हित कर डोजरिंग कर बंद कराये। इसके अलावा कारोबारियों को चिन्हित कर कार्रवाई करे।

## बघरैया मैदान में शराब पीने पर लगेगा जुर्माना

**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** शराब और अन्य किसी नशीली पदार्थ की सेवन करने वालों को अब खैर नहीं। उरीमारी क्षेत्र से सटे गरसुला पंचायत के बघरैया मैदान में शराब और अन्य नशीले पदार्थ सेवन करने वालों को देखते हुए ग्रामीणों ने बैठक कर सर्वसम्मति से विचार-विमर्श कर नशेड़ियों को लगाम लगाने के लिए बघरैया मैदान के समीप जाने वाले रास्ते में जुर्माना बोर्ड लगाया है। जिसमें लिखा गया है दारू, गांजा, सिगरेट, गुटखा और अन्य प्रकार का नशा करना सख्त मना है। पकड़े जाने पर 2000 (दो हजार) रुपया जुर्माना लिया जायेगा।

## मृतक के आश्रित को मिला मुआवजा



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** विधायक बड़कागांव अंबा प्रसाद के पहल पर रविवार देर रात अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के प्रबंधक से वार्ता कर कटिया गैरवाटांड निवासी मृतक हरदयाल महतो के आश्रितों के मांग के अनुसार 15 लाख मुआवजा एक आश्रित को स्थाई नौकरी तथा पीड़िता की पत्नी को पीएफ एवं पेंशन से जुड़े मुआवजा का खर्च प्रबंधक द्वारा वहन करने पर सहमति बनाने मे विधायक ने पहल की। तब जाकर मृतक के शव को फैक्ट्री गेट धरना स्थल से उठाया गया। वहीं विधायक ने भी तत्काल अपनी ओर से आश्रित के आर्थिक सहयोग प्रदान किया। मालूम की पतरातू इंडस्ट्रियल एरिया स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट में कार्य के दौरान रविवार को हरदयाल महतो कटिया गैरेवाटाड़ निवासी का मौत हो गया था। वार्ता में क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि भी शामिल थे।

## डीएवी में नेशनल स्पोर्ट्स का समापन




**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** डीएवी बरकाकाना में आयोजित दो दिवसीय डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स बॉक्सिंग के अंतिम दिन अंडर 19 किलो वर्ग के बच्चों का बॉक्सिंग प्रतियोगिता आयोजित की गयी। प्रतियोगिता में 46 किलो वर्ग में सिजुआ के कृष्ण अग्रवाल को गोल्ड, बिष्टुपुर के अतुल्य कुमार को सिल्वर और आर के हर्षदीप केसरी को ब्राउन मेडल प्राप्त हुआ। वहीं 49 किलो वर्ग में बरियातू के कृष्णा राय को गोल्ड मूनाइड के पीयूष कुमार को सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ। 52 किलो वर्ग में बृजेश कुमार को गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ, 56 किलो वर्ग में कुंदा के शिवकिशन को गोल्ड, हजारीबाग के अभिजीत सत्यम को सिल्वर और बरियातू के रम्यता को ब्राउन मॉडल प्राप्त हुआ। 60 किलो वर्ग में कुसुंडा के दीपक कुमार को गोल्ड, बिष्टुपुर के यशराज गुप्ता को सिल्वर और बिष्टुपुर के ही सूरज दास को ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त हुआ। 64 किलो वर्ग में रुद्र कुमार जिद्दी को गोल्ड, रजरप्पा के अतुल कुमार को सिल्वर, तेनुघाट के प्रीतम कुमार को ब्रांड मेडल प्राप्त हुआ। वहीं 69 किलो वर्ग में बरियातू के रितिक सिंह को गोल्ड 75 किलो वर्ग में हजारीबाग के अस्मित प्रभाव को गोल्ड और कुमार अंकित बरियातू को सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ। 81 किलो वर्ग में आर्यन कुमार हजारीबाग को गोल्ड और भरेच नगर के रिहन को सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

# रतवे में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम संपन्न

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कुजू।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को रतवे पंचायत सचिवालय में हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया आसमा खातून व संचालन बीपीओ कामाख्या प्रसाद व सहदेव महतो ने किया। कार्यक्रम में मांडू बीडीओ संजय कोनगाडी, सीओ मदस्सर नजर मंसूरी, सीआई सुरेश वर्णवाल, कल्याण पदाधिकारी कृपाल कश्यप, सीडीपीओ प्रतिमा कुमारी समेत कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे। आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कृषि विभाग, कल्याण विभाग, भू -राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, विद्युत विभाग, बैंक, मानवाधिकार, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग समेत कई स्टॉल लगाये गये। इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवेदन सौंपा। वही, अधिकारियो ने कई आवेदनों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया। साथ ही, अधिकारियों ने स्कूली छात्राओं के बीच साइकिल की खरीदगी हेतु 4500 रुपये का चेक, खाद्य आपूर्ति से पांच लाभुकों के बीच धोती साड़ी, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 12 बच्चियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र, जेएसएलपीएस से दो महिला समूह को 6 - 6 लाख रुपये का चेक, मनरेगा योजना से पांच लाभुकों को कूप का स्वीकृति पत्र तथा दस लाभुक के बीच जॉब कार्ड वितरित किया। इससे पूर्व, कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर मुखिया आसमा खातून, पंचायत समिति सदस्य निशा देवी, उप मुखिया यशोदा देवी, तुलेश्वर प्रसाद, रामेश्वर महतो, मो अजमत हुसैन, अशोक महतो, नसीमा खातून, निमली देवी, महेश महतो, पंचायत सेवक अरविंद महतो, पशु चिकित्सक डॉ उदय मेहता, सीआरपी अक्षय चक्रवर्ती, राजनाथ महतो, ईश्वर महतो, अंशु कुमारी, रामफल महतो शामिल रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर कई आयोजन

# विभिन्न योजनाओं का लाभ और दिया गया लोन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भुरकुंडा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सोमवार को पटेलनगर पंचायत भवन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सूचना और प्रसारण मंत्रालय के एडीजी शंभू नाथ चौधरी, नरेंद्र मोदी विचार मंच के धनपत महतो, पतरातू बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता, मुखिया गुलाब देवी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी जितेंद्र कुमार, कनीय अभियंता प्रवीण कुमार, सीडीपीओ अनुपमा मिंज, बैक ऑफ इंडिया के एलडीएम संजीव कुमार, प्रबंधक पीके सिंह, नाबार्ड के डीडीएम उपेंद्र कुमार साह आदि अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित व फीता काटकर किया। इससे पूर्व मुखिया गुलाब देवी ने अतिथियों को बुके देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बीडीओ मनोज गुप्ता ने उपस्थित लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा विभिन्न योजनाओ की जानकारी दी। मुखिया गुलाब देवी ने पटेलनगर की जन समस्या से अवगत कराया और आवास योजना नहीं मिलने की बात कही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और बीडीओ ने गोद भराई व मुहजुट्ठी की रस्म पूरी की। मौके पर प्रखंड से चितरंजन पटेल, कैलाश महतो, शशि कुमार, प्रदीप केरकेट्टा, अनीता कच्छप, बैंक ऑफ इंडिया भुरकुंडा के दीनानाथ मंडल, सीएफएल पम्मी कुमारी, डॉ. डीके दास, सांसद प्रतिनिधि जगतार सिंह, भुरकुंडा भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, संतान सिंह, उमेश सिंह, जनार्दन सिंह, रमेश कुमार, अनुपम कुमार, मुखिया प्रतिनिधि रोशन नायक, डीलर शशि अग्रवाल, गोविंद सिंह, जेएसएलपीएल सुनीता देवी, बिरजू मुंडा, शीला कुमारी, चिंता देवी, किरण देवी, रेणु देवी, गायत्री देवी, पूनम देवी, ज्योति देवी, नीतू देवी सहित लाभुक देवांत कुमार, चिंता देवी, राधिका प्रसाद, प्रदीप गुप्ता, रविन्द्र मुंडा, चंचला देवी, जयंती देवी, संध्या देवी, संजू देवी, निभा देवी सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें।

## गुरुद्वारा प्रधान के पिता की आत्मिक शांति के लिए अंतिम अरदास आज



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा के पिता स्व जोगिंदर सिंह कालरा की आत्मिक शांति के लिए अंतिम अरदास 12 दिसंबर को गुरुद्वारा साहिब में शाम 4 बजे होगी। आत्मिक शांति के लिए कल रविवार को गुरुद्वारा साहिब में पाठ रखा गया था, जिसमे कालरा परिवार उपस्थित हुए। अंतिम अरदास के लिए रखा गया पाठ की समाप्ति मंगलवार को शाम 4 बजे रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में संपन्न होगी। ज्ञात हो कि स्व सरदार जोगिंदर सिंह कालरा का 22 नवंबर को निधन हो गया था।

# गोला से सटे गेडेबीर में हो रहा है कोयला का अवैध कारोबार

**दस से बारह ट्रक कोयला भेजा जा रहा मंडियों में**

**अंजनी कुमार**



**गोला।** गोला से सटे गेडेबीर के एक डिपो से कोयला का अवैध कारोबार किया जा रहा है। रजरप्पा के बंद खदानों से प्रति दिन विभिन्न माध्यमो से यहां कोयला जमा कर बंगाल सहित अन्य मंडियों में भेजा जा रहा है। इस अवैध कारोबार में पुलिस की भूमिका संदेह के घेरे में है। गोला, रजरप्पा, बरलंगा और सिल्ली थाना क्षेत्र इसमें महत्वपूर्ण बताया गया है। इन्ही थाना क्षेत्र से होकर कोयला ढोया जा रहा है। इस गठजोड़ की मदद से इलाके में कोयले का अवैध कारोबार एक बार फिर परवान चढ़ने लगा है। हाइवा, तो कहीं मिनी हाइवा, 407 मालवाहक, छोटा हाथी व पिकअप वैन, साइकिल से कोयला चोरी जारी है।

\इतना ही नहीं ट्रांसपोर्टिंग की आड़ में भी हर दिन बड़े पैमाने पर कोयला टपाने का खेल चल रहा है।

**प्रत्येक वर्ष कोयला तस्करी के लिए बदनाम है यह इलाका:** कोयला तस्करों का सिंडिकेट एक बार फिर सक्रिय हो गया है। यहां से हर दिन बड़ी गाड़ियों में जमा कोयला को बाहर भेजा जा रहा है। इस पूरे अवैध कारोबार में राजनीतिक संरक्षण बताया गया है। अवैध कारोबारी का राजनीतिक पार्टी से दबदबा है। जिसके कारण यह कारोबार किया जा रहा है।

### प्रत्येक वर्ष यहां होता है कारोबार

जानकारी के अनुसार इस डिपो में प्रत्येक वर्ष कोयला का अवैध कारोबार किया जाता है। पिछले वर्ष भी यहां भारी मात्रा में अवैध कारोबार किया गया। हो हंगामा के बाद पुलिस ने कार्रवाई की। इसके बाद करोबार बंद हो गया। इस बार फिर कोयला चोर पुलिस को खुली चुनोती पेश कर रहे है। देखना है पुलिस इसे किस रूप में लेती है। यह आने वाला समय बतायेगा।

## बालू लदा टर्बो जब्त, चालक मालिक पर केस

**गोला(आजाद सिपाही)।** अवैध बालू कारोबार के खिलाफ पुलिस ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए एक बालू लदा टर्बो को जब्त किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि टर्बो संख्या जे एच के वाई 4989 में बालू लोड कर कालीनाथ चौक की तरफ जा रहा है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए टर्बो वाहन को कालीनाथ चौक के समीप रोक लिया। इस दौरान चालक ओर उपचालक भागने में सफल रहें। वाहन को जब्त करते हुए अज्ञात चालक और मालिक पर मामला गोला थाना में दर्ज किया गया है। बताया गया कि गोला के बालू घाटो में बालू का अवैध उठाव बदस्तूर जारी है। इसे रोकने के लिए कभी कभी कार्रवाई की जा रही है।

## लाखों रुपये की परिसंपत्तियों सहित कई योजनाओं का लाभ ऑन द स्पॉट मिला



**गोला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के कोराम्बे पंचायत में सोमवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन पार्षद जलेश्वर महतो बीस सूत्री अध्यक्ष रामविनय महतो, बीडीओ संजय सांडिल्य, सीओ समरेश कुमार भंडारी व मुखिया पूर्णिमा सिंह के द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान पार्षद ने कहा कि सरकार ने रोजगार सृजन के उद्देश्य से इस कार्यक्रम की शुरूआत की है। जिसका लाभ सभी जनता को उठाना चाहिए। बीडीओ-सीओ ने बताया कि शिविर में अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, जाति, आय, आवासीय, जन्म-मृत्यु, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, राजस्व से जुड़े मामले जैसे मयूटेशन, भूमापी, लगान रसीद, ऑनलाईन रिकार्ड सुधार, आयुष्मान कार्ड, सामुदायिक वन पट्टा, सर्वजन पेंशन, सावित्री बाई फुले बालिका समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, आधार कार्ड, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, प्रवासी श्रमिक पंजीकरण, राशन कार्ड, जॉब कार्ड से जुड़े आवेदन लिए गये। मौके पर बीपीओ विजय कुमार, विनय प्रसाद, जितेन्द्र कुमार सहित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मी, जनप्रतिनिधि व सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे। समाचार लिखे जाने तक शिविर में अबुआ आवास के 456, छात्रों के लिए साईकिल का 90 सहित 1505 आवेदन जमा किया गया था। साथ ही लाखों रुपये के परिसंपत्ति का वितरण किया गया। मौके पर बीपीओ विजय कुमार, पंचायत सचिव अर्जुन महली, रोजगार सेवक बालेश्वर महतो, कपिल महतो, विजय महतो, निधि धान आदि थे।

## चतरा की खबरें

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# 4356 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चतरा।** जिले के प्रतापपुर प्रखण्ड के गजवा पंचायत, हंटरगंज प्रखंड के करैलीबार पंचायत, चतरा प्रखंड के ब्रहमणा पंचायत, इटखोरी प्रखंड के धनखेरी पंचायत, सिमरिया प्रखंड के बन्हे पंचायत, टंडवा प्रखंड के सराडु पंचायत, लावालौंग प्रखंड के कोलकोले कला पंचायत, मयूरहंड प्रखण्ड के पंदनी पंचायत, कान्हाचट्टी प्रखण्ड के चिरीदिरी पंचायतों में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शिविर में फूलो झानों आशीर्वाद अभियान, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना, अबुआ आवास योजना, गुरूजी स्टूडेंस क्रेडिट कार्ड योजना, बिरसा सिंचाई कूप सर्वधन योजना समेत अन्य योजनाओं का लाभ लेने हेतु अलग अलग प्रखंड में लाभुक हजारों की संख्या में कार्यक्रम में पहुंच आवेदन कर योजनाओं से लाभान्वित हो रहे है। वहीं कार्यक्रम में ऑन द स्पॉट समस्याओं से संबंधित मामले का निष्पादन किया जा रहा है।

शिविर में प्रतापपुर प्रखंड के गजवा पंचायत में 1014 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 840 आवेदनों का निष्पादन, हंटगरंज प्रखंड के करैलीबार पंचायत में 1963 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 852 का निष्पादन, चतरा प्रखंड के ब्रहमणा पंचायत में 1326 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 631 आवेदनों का निष्पादन, इटखोरी प्रखंड के धनखेरी पंचायत में 599 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 296 आवेदनों का निष्पादन, सिमरिया प्रखंड के बन्हे पंचायत में 1171 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 201 आवेदनों का निष्पादन, टंडवा प्रखंड के सराढू पंचायत में 1353 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 284 आवेदनों का निष्पादन, लावालौंग प्रखंड के कोलकोलेकला पंचायत में 1424 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 185 आवेदनों का निष्पादन, मयूरहंड प्रखण्ड के पंदनी पंचायत में 788 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 534 आवेदनों का निष्पादन, कान्हाचट्टी प्रखंड के चिरीदिरी पंचायत में 1044 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 533 आवेदनों का निष्पादन किया गया।

# जिप अध्यक्ष ने किया जली दुकानों का निरीक्षण



**दूकानदारों को हर संभव सहायता दिलाने का दिया आश्वासन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हंटरगंज/ चतरा।** जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी सोमवार को हंटरगंज प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सर्वप्रथम करेली बार पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। गरीब असहाय लोगों के बीच कंबल और कार्ड धारियों के बीच धोती साड़ी का वितरण किया। इसके अलावे प्रखंड के कौलेश्वरी पहाड़ स्थित हटवारिया पहुंची जहा बीती रात एक दर्जन दुकानों में अपराध कर्मियों द्वारा आग लगा कर जला दिया गया था। इस दौरान निरीक्षण कर अध्यक्ष ने हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर सभी दुकानदार और अन्य लोग भी मौजूद थें।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 12 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in
08

हैं बिहार के, रहते थे लातेहार में, ठगी किया तेलंगाना में, नाम है केरला लॉटरी

# तीन साइबर अपराधी गिरफ्तार

रूपेश कुमार अग्रवाल



**लातेहार।** साइबर अपराधी लोगों से पैसे ठगने के नये नये तरीके इजाद कर रहे हैं। इनका तरीका जान आप भी अपने दातों तले उंगलियां दबाने पर मजबूर हो जायेंगे, जब जानेंगे इन साइबर अपराधियों के कारनामे। गिरफ्तार अपराधी बिहार के रहनेवाले हैं और वर्तमान में लातेहार जिला मुख्यालय के चंदनडीह में रह रहे थे। इतना ही नहीं इनके द्वारा जिन्हें ठगने का काम किया गया है, वह आदमी तेलंगाना का रहनेवाला है और जिस नाम पर यह ठगी करते थे, उसका नाम है केरला लॉटरी। सोमवार को लातेहार एसपी कार्यालय में जिले के पुलिस कप्तान अंजनी अंजन ने प्रेस वार्ता का आयोजन कर इनके कारनामों का खुलासा किया। एसपी ने बताया कि हमें नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल से सूचना प्राप्त हुई कि लातेहार में रह कर कुछ लोग साइबर ठगी कर रहे हैं। यह मामला तेलंगाना के एक व्यक्ति का है जिसका नाम सोसाया वैंकेट है जिससे साइबर ठगी की गयी है, एवं इस घटना मे शामिल साइबर अपराधियों का लोकेशन लातेहार थाना अंतर्गत ग्राम चन्दनडीह है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए लातेहार डीएसपी संतोष कुमार मिश्र के नेतृत्व में साइबर सेल, लातेहार का सहयोग लेते हुए एक छापामारी दल का गठन किया गया। इसके बाद चन्दनडीह में एक मकान में छोपामारी की गयी। जिसमें तीन साइबर अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अंजन ने बताया कि इन तीनों साइबर अपराधियों के पास से पुलिस को 29 मोबाइल फोन, 25 सिम कार्ड, ठगी से संबंधित लेखा जोखा की कॉपी सहित कई अन्य सामान भी बरामद किया गया है।

इनके माध्यम से अपराधी साइबर ठगी का काम किया जाता था। पूछताछ के क्रम में इन साइबर ठगों ने भिन्न-भिन्न मोबाइल नंबर पर संपर्क कर केरला लॉटरी टिकट के नाम पर वोटीपी की मांग कर साइबर ठगी को अंजाम देने की बात स्वीकार की है।

**गिरफ्तार साइबर अपराधियो के नामः** आनद कुमार उम्र 20 पिताः पंकज महतो, सूलीचद कुमार उम्र - 23 पिताः श्री महतो दोनों ग्राम - लक्ष्मीपुर, छोटू कुमार पिताः जितन राउत ग्राम गंगटी तीनों थानाः बरबीधा, जिलाः शेखपुरा (बिहार)

**साइबर ठगी में प्रयोग किये गये जब्त सामानः** मोबाइल फोन - 29 टुकड़े, सिम 25 सिम कार्ड, मोबाइल चार्जर - 05, कॉपी - 05 जिसमें साइबर ठगी से संबधित लेखा-जोखा अंकित है।

छापामारी दल में लातेहार डीएसपी संतोष कुमार मिश्र, गौरव सिंह, राज रौशन सिन्हा, मो शाहरुख, देवानंद कुमार, सुरेश सिंह, साइबर सेल, बिरेंद्र कुमार, साइबर सेल सहित लातेहार थाना के रिजर्व गार्ड के जवान शामिल थे।

# तीस वर्षों से फरार आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह ।** बरवाडीह ,छिपादोहर और सतबरवा थाना क्षेत्र में हत्या, सड़क डकैती, अपहरण, आर्म्स एक्ट मामले में तीस वर्षों से फरार आरोपी मुकुट अंजलो कुजूर उम्र 47 वर्ष को छिपादोहर पुलिस ने गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया गया। आरोपी छिपादोहर थाना क्षेत्र के लुकुम खाड़ के बुचीडारी का रहने वाला है।इस सम्बंध में छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि एसपी अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि बरवाडीह, छिपादोहर और सतबरवा थाना क्षेत्र में हत्या, अपहरण, आर्म्स एक्ट और सड़क डकैती का मुख्य आरोपी मुकुट अंजलो कुजूर अपने घर आया हुआ है। सूचना मिलते ही बरवाडीह एसडीपीओ दिलु लोहार के नेतृत्व में एक टीम गठित कर छापेमारी की गई। छपेमारी के दौरान मुख्य आरोपी मुकुट अंजलो कुजूर को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया। वह तीस वर्षों से फरार चल रहा था। उन्हों ने बताया कि बरवाडीह में 33/01, 49/15, 08/15, छिपादोहर थाना कांड संख्या 28/18 और सतबरवा थाना कांड संख्या646/15 का मुख्य आरोपी है इस पर हत्या, अपहरण, डकैती, आर्म एक्ट आरोप है। छापेमारी दल में एसडीपीओ दिलु लोहार, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक रंजीत राम, काशी महली, सहायक अवर निरीक्षक राजेश कुमार, अशोक कुमार शामिल है।

## हत्या के आरोपी को भेजा गया जेल



**भंडरा/ लोहरदग्गा (आजाद सिपाही)।** भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ख्वास खिजरी तेतर चुआ गांव में 10 दिसंबर को दिनदहाड़े घर में घुसकर अपने बड़े भाई एवं भाभी की हत्या कुल्हाड़ी से काटकर करने के मामले में भंडरा पुलिस के द्वारा कांड संख्या 60/2023 धारा 435/302 भादवी के तहत प्राथमिकी अभियुक्त जीतू उरांव उम्र करीब 40 वर्षीय पिता स्व दशरथ उरांव ग्राम ख्वास खिजरी तेतर चुआ को जेल भेज दिया। भंडरा पुलिस के अनुसार आरोपी के द्वारा अपना अपराध स्वीकार कर लिया गया है एवं घटना के पीछे आपसी बंटवारे का विवाद बताया जा रहा है। थाना प्रभारी गौतम कुमार के अनुसार इस घटना में अन्य बिंदु पर भी अनुसंधान की जा रही है।

## सुरक्षा सप्ताहः वाहन चेकिंग सह जागरूकता अभियान चलाया गया



**बरवाडीह (आजाद सिपाही) ।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के बरवाडीह मेदिनीनगर मुख्य सड़क स्थित केचकी यात्री शेड के समीप सुरक्षा सप्ताह के तहत बरवाडीह पुलिस द्वारा वाहन जांच व जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत बिना हेलमेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस, ट्रिपल लोड बाइक चालक को थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह के नेतृत्व में लगातार दूसरे दिन जांच करते हुए 50 से अधिक वाहनों को जब्त कर थाना लाया गया। थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने बताया ने कि सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत केचकी नदी के समीप यात्री शेड के सामने चेकिंग सह जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही लोगों को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक भी किया जा रहा है।

# रेलवे गेट के समीप शुरू हुआ अंडरपास का कार्य



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह ।** बरवाडीह मंडल व छेचा चपरी जाने वाले मुख्य सड़क स्थित चमरडीहा गाँव के समीप 17 सी रेलवे गेट के पास करीब 5 महीने से बन्द रेलवे के अंडरपास का निर्माण कार्य जीप सदस्य सन्तोषी शेखर व सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद के प्रयास से प्रारम्भ हो गया है। जिससे लोगो में हर्ष का माहौल है। बता दें कि इससे लगभग 30 से अधिक गांव के लोगों को अंडरपास बन जाने से परेशानी अब नही झेलनी पड़ेगी। इस सम्बंध में जीप सदस्य सन्तोषी शेखर ने बताया कि लगभग पांच माह से अंडरपास निर्माण कार्य बंद कर दिया गया था। यदि यह कार्य जारी रखा जाता तो चार महीने पहले अंडर पास का निर्माण हो जाता। इससे मुख्य सड़क से होकर मण्डल मोरवाई, सैदुप, चपरी छेचा, पुटुवागड, बढ़निया के अलावा पलामू जिला के कई गांव का हजारों लोग फायदा पहुचेगा।

## यूरिया खाद खाने से महिला की तबीयत बिगड़ी

**हेरहंज/ लातेहार (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित पुरनी हेरहंज की एक महिला ने यूरिया खाद खाई स्थिति नाजुक। जानकारी के मुताबिक बताया जा रहा है कि पुरनी हेरहंज निवासी कमलेश गंझू की पत्नी पुष्पा देवी ने सोमवार की सुबह करीब आठ बजे घर में रखे यूरिया खाद खा गई। जिससे उक्त महिला की स्थिति खराब हो गई महिला बेहोश हो गई। स्थिति को देखते हुए महिला को परिजन व ग्रामीणों की सहयोग से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हेरहंज लाया गया। जहां स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल लातेहार रेफर कर दिया गया। सूचना के आधार पर थाना पुलिस अस्पताल पहुंची, और जानकारी ली । हालांकि घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। महिला को स्थिति नाजुक देखते हुए अस्पताल कर्मियों ने लातेहार सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

# हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को भण्डरा प्रखण्ड अंतर्गत जमगाईं पंचायत में किया गया। इस मौके पर मोबाईल आईईसी वैन के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को प्रसारित किया गया और मौके पर उपस्थित विभागों के पदाधिकारियों द्वारा केंद्र प्रायोजित योजनाओं की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में सभी उपस्थित लोगों को भारतवर्ष को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंखने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ करने, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने और नागरिक होने का कर्तव्य निभाने की शपथ दिलायी गई।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत), पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रनाम, नैनो फर्टिलाईजर, सर्वे ऑफ विपेज एण्ड मैपिंग विद इंप्रोवाइज्ड टेक्नोलॉजी इन विलेज एरिया आदि योजनाओं की जानकारी दिखायी गई। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा लगाए गए स्टॉल में टीबी, बीपी, सुगर आदि के संभावित मरीजों की जांच की गई। कार्यक्रम में अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार सिन्हा, जमगाईं पंचायत की मुखिया धनेश्वरी उराँव, पंचायत समिति सदस्य बलमुनि कुजूर आदि उपस्थित थे।

## आवास का कार्य पूर्ण कराते हुए जिओ टैग करने का दिया गया निर्देश



**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कैरो प्रखंड सभागार में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो के द्वारा प्रखंड क्षेत्र में संचालित विकस योजना का समीक्षा बैठक किया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास निर्माण पर विशेष चर्चा करते हुए 13 दिसम्बर तक सभी पंचायत के प्रखंड कर्मी को अधिक से अधिक आवास का कार्य पूर्ण कराते हुए जिओ टैग करने का निर्देश दिया। मनरेगा अंतर्गत, कूप निर्माण, पोटो हो खेल मैदान का अधूरा कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराने व अधिक से अधिक मजदूरो को कार्य पर लगाने एवं ससमय मजदूरी भुगतान करने को कहा। वंही 12 दिसम्बर को हनहट पंचायत में आयोजित सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का सफल आयोजन को लेकर सभी को विशेष दिशानिर्देश दिया। मौके पर बीपीओ रघुनाथ मुंडा, प्रधानमंत्री प्रखंड समन्वयक दिनेश कुमार,अमन शिखर, पंचायत सचिव गुहा उरांव, आनंद सिंह, राजू गुप्ता, जई रौशन उरांव, दुर्गा बच्चन, रोजगार सेवक नन्दा भगत, प्रवेज अख्तर, हिबजुल रहमान, राजमणि मिंज, मंसूर आलम, पंचम एतवा पहान आदि उपस्थित थे।

## इग्नू के रीजनल डायरेक्टर पहुंचे बनवारी साहू कॉलेज, जनवरी से होगा नामांकन



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिले के वैसे छात्र जो घर से ही पढ़ाई करने के इच्छूक है। वैसे लोगों के लिए अच्छी खबर है। अब उन्हें बाहर जाकर इग्नू में नामांकन नहीं लेना पड़ेगा। इग्नू के रीजनल डायरेक्टर डॉ एस के मोहंती बनवारी साहू महाविद्यालय में इग्नू स्टडी सेंटर खोलने को लेकर स्थल निरीक्षण करने पहुंचे थे। इसके बाद उन्होंने कॉलेज के प्रबंध को कहा कि आप नये साल के शुरूआत यानी जनवरी माह से नये सत्र के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू कर सकते हैं। इस दौरान महाविद्यालय के सचिव अंजू गुप्ता, प्राचार्य प्रो प्रदीप कुमार तिवारी, ब्याख्याता प्रो सुरेश प्रसाद, प्रो शत्रुघ्न मेहता , प्रो बैद्यनाथ महतो, प्रो संजीत प्रसाद, प्रो रंजीत कुमार, प्रो इशरत बनो आभा मिश्रा, सहायक अनुपम कुमार मिश्रा, बृज किशोर प्रसाद, चंदन कुमार, विकास कुमार, अर्चना चौरसिया आदेशपाल प्रसाद, बीरेंद्र उरांव आदि सभी महाविद्यालय कर्मी उपस्थित थे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भारतीय भाषा दिवस उत्सव

कुतुबुद्दीन



**बारियातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कार्यक्रम आयोजित कर सोमवार को 75 वीं आजादी का अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर तमिल भाषा के महान कवि सुब्रह्मण्यम भारती के जन्म जयंती के अवसर पर भारतीय भाषा दिवस कार्यक्रम उत्सव मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत मां शारदे के तस्वीर के समक्ष कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पलामू विभाग के विभाग संघ चालक जानकी नंदन राणा एवं सांसद प्रतिनिधि सत्येन्द्र कुमार सिंह प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम वरिष्ठ आचार्य शशि कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया। प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम ने विषय प्रवेश कराते हुए कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य को विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा एनईपी-2020 के तहत क्षेत्रीय भारतीय भाषाओं के प्रोत्साहन के लिए तमिल भाषा के श्रेष्ठ कवि सुब्रह्मण्यम भारती की जयंती के अवसर पर भारतीय भाषा दिवस उत्सव कार्यक्रम का आयोजन करने का विद्या भारती ने निर्णय लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत राष्ट्रीय एकता एवं सद्भावना के विकास में स्कूली विद्यार्थियों की भाषायी विविधता में भारत की अंतर्निहित एकता के अनुभव में सहभागिता किया जाना है। कार्यक्रम के सफल संचालन में आचार्य नीतीश कुमार, खुशबू कुमारी विनीता कुमारी सपना कुमारी, मधुबाला कुमारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के समापन वंदे मातरम के साथ की गई।

# शिविर में लगाये गये एक दर्जन से भी अधिक विभागों के स्टाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह ।** बरवाडीह प्रखण्ड के मोरवाई और छेचा पंचायत में सोमवार को भारत सरकार के द्वारा संचालित हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य सन्तोषी शेखर के साथ प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुज सरण, उप प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, मनरेगा सांसद प्रतिनिधि दिलीप कुमार यादव, वन विभाग सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी, पूर्व विधायक प्रतिनिधि प्रदीप सिंह, मुखिया आशीष सिंह आशा देवी, पंचायत समिति सदस्य रीना देवी, मंजू कुमारी , भाजपा उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह समेत अन्य अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया । कार्यक्रम के माध्यम से जहां केंद्र सरकार के द्वारा संचालित सभी योजनाओं को एलईडी स्क्रीन के माध्यम से दिखाया गया । शिविर में प्रखंड प्रशासन की ओर से स्वास्थ्य मेला, कृषि सम्मान मेला समेत एक दर्जन से अधिक विभागों के स्टाल लगाए गए थे । वहीं इसके साथ मौके पर मौजूद जिला परिषद के सदस्य समिति अन्य लोगों के द्वारा भी केंद्र सरकार के माध्यम से संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, प्रधानमंत्री पोषण अभियान योजना, किसान क्रेडिट योजना , के साथ-साथ सभी योजना और उसकी उपलब्धियां को बनाने और बताने का काम किया गया। इस दौरान मौके पर प्रखंड समन्वयक मनजीत कुमार सिंह प्रखंड नाजिर अरविंद कुमार , सीएचओ आभा कुमारी, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास कुमार सिंह, महामंत्री पारस जायसवाल, बीपीओ अभय कुमार, रंजना सिंह अमित गुप्ता , उज्जवल कुमार गुप्ता, एलटी मनोरंजन कुमार, समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## गारु में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित



**गारु (आजाद सिपाही) ।** गारू प्रखण्ड के बारेसांढ़ पंचायत के पंचायत सचिवालय में आपकी योजना,आपकी सरकार ,आपके द्वार, कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी शम्भू राम एवं प्रमुख सीता देवी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पंचायत के ग्राम डेढ़गांव ,हेनार ,बारेसांढ़ समेत अन्य गांव से ग्रामीण अपनी समस्या सम्बंधित आवेदन लाए। के बीच प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में सभी कार्यरत कर्मी अलग-अलग स्टॉल लगाकर सभी ग्रामीणों से आवेदन लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अबुवा आवास का आवेदन के साथ ज्यादातर ग्रामीण कार्यक्रम में पहुंचे। कार्यक्रम में प्रमुख सीता देवी, विधायक प्रतिनिधि मनोज यादव, मुखिया रूपमनी नगेसिया , बीपीएम विक्रांत कुमार, मनरेगा बीपीओ प्रिंस कुमार ,प्रधानमंत्री आवास के प्रखंड समन्वयक अलोक कुमार, एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# ईंट भट्ठा संचालक कर रहे पर्यावरण नियमों की अनदेखी

रवि कुमार गुप्ता





**बरवाडीह ।** बरवाडीह प्रखण्ड क्षेत्र में इन दिनों अवैध ईंट भट्ठों का कारोबार बेखौफ चल रहा है। इससे खनिज विभाग को हर महीने लाखों रुपए की राजस्व की हानि हो रही है मगर अवैध ईंट भट्ठी संचालकों पर कार्रवाई नहीं होने से संचालकों के हौसले बुलंद हैं।बता दें कि बरवाडीह थाना क्षेत्र व छिपादोहर थाना क्षेत्र में इन दिनों चिमनी ईट भट्ठा समेत दर्जनों बंगला ईंट भट्टे संचालित हो रहे हैं। जिससे सरकार को प्रत्येक दिनों लाखो रुपये का नुकसान हो रहा है। अवैध ईंट भट्टे संचालित होने की जानकारी पदाधिकारियों को भी है लेकिन इसके बावजूद भी अवैध भट्टे को बंद करवाने के लिए कोई सार्थक पहल नहीं हो रहा है। जिससे अवैध ईंट भट्टे को संचालित करने वाले बेखौफ होकर भट्टे संचालित कर रहे हैं। वर्तमान समय में बरवाडीह के कोयल नदी के किनारे लंका में चिमनी ईट भट्ठा, छेछा, लेदगाई, छिपादोहर, कुचिला,मंगरा, हरातू, केड,चुंगरु,समेत दर्जनों स्थानों पर ईंट भट्टे संचालित किए जा रहे हैं। सबसे बड़ी बात है कि अवैध भट्टे में ईंट पकाने का कार्य जंगल को कर रहे नष्टः ईंटों को पकाने के लिए भट्टे में लकड़ी व तूरी का प्रयोग किया जाता है। वर्तमान में मैदानी ईंट भट्ठों पर जंगल से काटी गई लकड़ियों का उपयोग किया जा रहा है।

जंगल की लकड़ी का उपयोग ईंट भट्ठों में प्रयुक्त होने से ग्रामीण वातावरण तो दूषित हो ही रहा है, साथ ही लोगों में सांस संबंधी बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। इन दिनों भट्ठों पर काम कर रहे मजदूरों को जंगल में लकड़ी काटते हुए देखा जा सकता है।

**लाइसेंस है न प्रदूषण बोर्ड की अनुमतिः** बरवाडीह प्रखण्ड क्षेत्र में संचालित ईंट भट्ठों के मालिकों ने यह कारोबार करने के लिए माइनिंग विभाग के अलावा स्थानीय पंचायतों से अनुमति नहीं ली है। इसके अलावा प्रदूषण बोर्ड से प्रमाण पत्र भी नहीं लिया गया है। बावजूद इसके अवैध कारोबारी धड़ल्ले से ईंट भट्ठों का व्यापार कर रहे हैं। माइनिंग व राजस्व विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा क्षेत्र का भ्रमण नहीं करने से यह कारोबार बड़े पैमाने पर चल रहा है।

**क्या कहते है प्रखण्ड विकास पदाधिकारी :** मुझे भी अवैध ईंट भट्टे संचालित होने की सूचना मिल रही है। जल्द ही टीम गठित कर अवैध ईंट भट्ठों को बंद करवाने के लिए छापेमारी की जाएगी।

**क्या कहते है डीएमओ आंनद कुमार :** इस सम्बंध में आनंद कुमार ने कहा कि ऐसे भट्ठा संचालक हैं, जो राजस्व, वन व प्रदूषण नियंत्रण विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र, जिला पंचायत से लाइसेंस लिए बिना भट्ठे का संचालन कर रहे हैं तो यह नियम के विपरीत है। इससे सरकार को राजस्व की हानि होने की प्रबल संभावना है। ऐसे अवैध भट्ठा संचालकों की जांच की जाएगी और इनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## नेतरहाट के थाना प्रभारी बने रत्न टुडू



**नेतरहाट/ लातेहार (आजाद सिपाही) ।** नेतरहाट थाना के नए थाना प्रभारी के रूप में सोमवार को रत्न टुडू ने पदभार ग्रहण किया।यह पदभार ग्रहण नेतरहाट थाना के निवर्तमान थाना प्रभारी बन्धन भगत के हाथों किया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता नेतरहाट थाना क्षेत्र में शांति कायम रखना और पुलिस प्रशासन व आम लोगों के बीच समन्वय स्थापित कर कार्य करना होगा। बताते चले कि इससे पूर्व में रत्न टुडू कई बार महुआडांड़ थाना में प्रभारी थाना प्रभारी के रुप में सेवा दे चुके हैं।

## अज्ञात लोगों ने झोंपड़ी नुमा होटल में लगायी आग

**गुमला (आजाद सिपाही) ।** अरमई बाईपास के समीप एक झोपड़ी नुमा होटल में रविवार की रात अज्ञात लोगों ने आग लगा दी। घटना में झोपड़ी सहित होटल का पूरा सामान जलकर राख हो गया। बताया जाता है की छः माह पूर्व महिला मंडल से 30 हजार लोन लेकर अरमई निवासी दो महिला सुमति देवी व मैना देवी होटल चलाना शुरू की थी। रविवार के शाम कुछ लड़कों से किसी बात को लेकर महिलाओं से कहा सुनी हो गई थी। इसके बाद लड़कों ने देख लेने की धमकी दी थी। वही सुबह लोगों ने घटना की जानकारी महिलाओं को दी घटनास्थल पर गुमला थाना की पुलिस पहुंची और मामले को लेकर पूछताछ के लिए दो युवकों को पड़कर थाना ले गई जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। वही घटना के बाद से दोनों महिलाएं सदमे में है कि अब उनका घर कैसे चलेगा और लोन कैसे चुकाया जाएगा।

# हर कांग्रेस कार्यकर्ता है वतन का जांबाज सिपाही: बन्ना गुप्ता

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** पार्टी का हर कार्यकर्ता चाहे वह पदाधिकारी हो या बूथ प्रभारी, सभी वतन के जांबाज सिपाही हैं और इनमें कोई भी छोटा या बड़ा नहीं है। सरकार और पार्टी की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने में पार्टी के कार्यकर्ता ही अहम भूमिका निभाते हैं। उक्त बातें राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने गुमला के माहेश्वरी धर्मशाला में कही। वे सोमवार को गुमला में अयोजित लोहरदगा लोकसभा समन्वय समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में जो कांग्रेस के कार्यकर्ता है उनका भावनात्मक जुड़ाव पार्टी से है। यहां के कार्यकर्ता है तन मन धन लगाकर पार्टी की सेवा करते हैं। पार्टी के उद्देश्यों और विचारधाराओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम करते हैं। वही खाद आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के सभी विभाग के पदाधिकारी और कार्यकर्ता आपस में समन्वय बनाकर कम करें। पार्टी को मजबूती के साथ लोकसभा चुनाव में सहयोग करते हुए अपने प्रत्याशी को विजयी बनाना है। वही प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा की गुमला में कांग्रेस पार्टी का संगठन काफी शक्तिशाली है। उन्होंने यह भी कहा कि इतने कर्मठ और जुझारू कार्यकर्ता इस क्षेत्र में है कि इन्हीं कार्यकताओं की बदौलत कांग्रेस पार्टी यहां पर सबसे अच्छा काम कर रही है। प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष से लेकर बूथ स्तर के कार्यकर्ता सबों का दायित्व है कि कांग्रेस पार्टी को मजबूत से मजबूत बनाएं। उन्होंने यहां के संगठन की सराहना करते हुए कहा कि यह बड़ी बात है की गुमला के सभी बूथों के लिए बी एल ए का चयन और उसकी नियुक्ति हो चुकी है। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी या कोई संगठन अपने कार्यकताओं के दमखम पर आगे बढ़ता है। सोमवार केवल महेश्वरी धर्मशाला दिन भर कार्यकर्ताओ से भरा रहा। जेपीसी के कायाकारी अध्यक्ष बन्धु तिर्की, विधायक शिल्पा नेहा तिर्की,जिला प्रभारी अजय नाथ शाहदेव,लोहरदगा लोकसभा समन्वयक प्रदीप तुलस्यान, लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत, लोहरदगा जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ,माण्डर, सिसई, गुमला, विशुनपुर, एलडीएम ,विधानसभ प्रभारी लोहरदग, माण्डर, सिसई, गुमला,विशुनपुर,लोहरदगा,मांडर, पूर्व जिला अध्यक्ष गण गुमला, लोहरदगा, रांची ग्रामीण के सभी सम्मानित अग्रणी मोर्चा संगठन के जिला अध्यक्षगण, लोहरदगा लोकसभा समन्वय समिति के सदस्यगण, लोहरदगा ,गुमला, रांची ग्रामीण के सभी सम्मानित प्रखण्ड अध्यक्षगण मुख्य रूप से इस बैठक में उपस्थित रहे।

## सब्जी बेच कर लौट रही महिला की संदिग्ध स्थिति में मौत

**गुमला (आजाद सिपाही) ।** गुमला पालकोट रोड स्थित झारखंड डीपा बाजार में सब्जी बेचकर लौट रहे बर गांव निवासी 60 वर्षीय महिला भिखनी उराईन पति सुकरा उरांव की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई।जानकारी देते हुए मृतिका के पति सुकरा ने बताया रविवार को सब्जी बेचने झारखंड डीपा स्थित बाजार गई थी वही मैं बाइक से उसे लाने गया था रविवार की शाम लगभग 5:00 बजे वह सब्जी बेचकर बाजार से बाइक के पास आ रही थी तभी मेरे समीप पहुंचते ही सड़क पर गिर गई। तत्काल उसे एंबुलेंस से सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया इसके बाद परिजन उसके शव को घर लेकर चले गए।

## कुआं में डूबने से व्यक्ति की मौत

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के गोमट गांव में कुआं में डूबने से 55 वर्षीय रोपना उरांव की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार थानेदार अमित कुमार चौधरी ने बताया कि बीते शनिवार को रोपना मवेशी चराने के लिए गया था इसके बाद से वह लौटकर नहीं आया। काफी खोजबीन किया गया पर कुछ पता नही चला। रविवार की सुबह इधर-उधर खोजबीन के दौरान घर से कुछ दूरी पर स्थित कुआं से रोपना का शव बरामद किया गया। जिसके बाद घर वाले रोपना के शव को अंतिम संस्कार के लिए लेकर निकले थे। इसी दौरान 100 नंबर पर फोन आया और घटना की जानकारी मिली। जिसके बाद रविवार की शाम घाघरा पुलिस गोमट गांव पहुंची और तो शव के अंतिम संस्कार के लिए शमशान घाट तक पहुंचा दिया गया था, जिसके बाद शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया गया है।

## तीन स्थानों पर लगेंगे ट्रेड लाइसेंस शिविर



**गुमला (आजाद सिपाही) ।** चेम्बर ऑफ कॉमर्स एवं नगर परिषद गुमला के संयुक्त तत्वाधान में बैठक का अयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता गुमला नगरपरिषद के कार्यपालक पदाधिकारी दिलीप कुमार ने की। बैठक में गुमला शहर के विकास, साफ सफाई, पानी सप्लाई, एवं ट्रेड लाइसेंस के मुद्दे पर विस्तृत वार्ता हुई। चेम्बर अध्यक्ष दामोदर कसेरा की अपील पर ट्रेड लाइसेंस के लिए शहरी क्षेत्र में तीन स्थानों पर कैम्प लगाकर लाइसेंस बनाने पर सहमति बनी। जिसमें पहला नगर परिषद कार्यालय, दूसरा पुराना नगर परिषद कार्यालय पटेल पार्क के पास और तीसरा गुमला थाना के पास कैम्प लगाया जाएगा। चेम्बर अध्यक्ष ने सभी व्यापारियों से अपील की है कि जिनका भी ट्रेड लाइसेंस नही बना है वे बनवा लें साथ ही जिनका नवीकरण करवाना है वे भी कैम्प में अपने लाइसेंस का नवीकरण करवा लें। बैठक में चेम्बर अध्यक्ष दामोदर कसेरा सचिव बबलू वर्मा उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल पूर्व अध्यक्ष हिमांशु केशरी कार्य सदस्य बृज फोगला पी आर ओ प्रणय साहू मनीष कुमार कोषाध्यक्ष मुनीलाल साहू उपस्थित थे।

# हत्या के मामले में पुलिस ने युवक को किया गिरफ्तार, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला ।** लोहरदगा रोड स्थित कुम्हार मोड़ के समीप एक किराए के मकान में रहकर राज मिस्त्री का काम करने वाले अयूब शेख नामक व्यक्ति की अज्ञात अपराधियो ने रविवार की रात तेजधारदार हथियार से मारकर हत्या कर दी।अयूब की हत्या के बाद इलाके में दहशत है। वहीं सूचना के बाद मौके पर पहुँची पुलिस,एफएसएल व फिंगर प्रिंट की टीम ने घटनास्थल का बारीकियों से जांच कर साक्ष्य एकत्रित की है।बताया जाता है कि अयूब शेख मूल रूप से रांची जिला के बेड़ो प्रखंड का रहने वाला है। वह बीते कई वर्षों से शहर के विभिन्न इलाकों में किराए के मकान में रहकर राज मिस्त्री का काम करता था। छह माह पूर्व वह हुसैन नगर में रहता था। मगर तीन माह पूर्व वह कुम्हार मोड़ स्थित राकेश प्रसाद उर्फ चंदू के घर पर किराए पर रह रहा था। किसी अज्ञात अपराधी द्वारा उसके कमरे में प्रवेश कर तेजधारदार हथियार से मारकर उसकी हत्या कर दी। इधर उसकी हत्या किए जाने के बाद सोमवार को सुबह उसके कमरे के बगल में रहने वाला किरायेदार मेहदी हसन उर्फ गोल्डन एक ऑटो बुक कर उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गया। इसके बाद वह अस्पताल में उसे छोड़ कर भाग निकला। इसके बाद घटना की सूचना सदर थाना प्रभारी बिनोद कुमार को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी बिनोद कुमार, एसआई मो मोजम्मिल, विवेक चौधरी, सुदामा राम मौके पर पहुँचे। फिर घटनास्थल का मुआयना किया। इसके बाद सदर अस्पताल पहुचकर मृतक के शव को देखा। इसके बाद पुलिस ने घटनास्थल से अयूब को अस्पताल पहचाने वाले ऑटो चालक व पड़ोसी किरायेदार की तालश की। जिसके बाद दोनो को ढूंढ निकाला गया। तभी पुलिस उसके पास पहुँच गई। इधर ऑटो चालक से मिले सभी जानकारी के बाद पुलिस ने मेहदी हसन को हिरासत में ले लिया।

# कुल 1500 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें अबुआ आवास के 730

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** प्रखंड के कुदरा गांव में सोमवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक जिग्गा सुसारन होरो व विधायक प्रतिनिधि सह कुदरा मुखिया प्रकाश उरांव ने दीप प्रज्वलित कर किया।

विधायक ने कहा झारखण्ड के हेमंत सरकार बच्चे, बुढ़े, महिला, पुरूष,छात्र छात्राएं, किसान, बीमार, गरीब, अमीर सभी लोगों के लिए सभी विभागों में कई जन कल्याणकारी योजना चला रही है।किन्तु समय से आम जनता को योजनाओं की जानकारी प्राप्त नहीं हो पाती है। जिससे कई लोग योजनाओं का लाभ नहीं उठा पाते हैं। पहली बार माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गांव में सरकार को पहुंचाने का काम किया है।शिविर में सभी विभाग स्टॉल लगाकर अपने अपने विभाग में संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं, स्थानीय जनप्रतिनिधि व विभागीय कर्मियों की सहयोग से ग्रामीण शिविर का भरपूर लाभ उठा रहे हैं। शिविर में अबुआ आवास के 730, गुरुजी क्रेडिट कार्ड के 84, आपुर्ति विभाग में 31, श्रम विभाग में 50, उधोग विभाग में 32, सावित्री बाई फुले में 66,मातृ वंदना में 6, चिकित्सा विभाग में 146,आयुष विभाग में 57, मनरेगा में 76, केसीसी में 21, पीएचईडी विभाग ने 115 आवेदन सहित विभिन्न विभागों में कुल 1500 से अधिक आवेदन प्राप्त किया गया। तीन महिला मंडल के बीच सीसीएल के तहत 9 लाख का ऋण दिया गया। मौके पर प्रमुख मीना देवी, जिप सदस्य विजय लक्ष्मी कुमारी, बीडीओ रमेश कुमार यादव, सीओ नितेश रौशन खलखो, जाकिर अंसारी, शशिकांत साहु सहित कई जनप्रतिनिधि, ग्रामीण व विभिन्न विभागों के कर्मी व पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कार्यक्रम में सावित्री बाई फुले योजना के 21, अबुआ आवास के 386 आवेदन आये



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा प्रखंड के कुगांव ग्राम में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आईटीडीए निदेशक इंदु गुप्ता प्रखंड प्रमुख सविता देवी, बीडीओ दिनेश कुमार शामिल हुए। कार्यक्रम में कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, बाल विकास विभाग, पशुपालन विभाग, पेंशन, अबुआ आवास, मनरेगा सहित कई अन्य विभागों के स्टाल लगाए गए इस क्रम में सावित्रीबाई फुले योजना के 21 आवेदन प्राप्त हुए जबकि पांच प्रमाण पत्र का वितरण व जॉब कार्ड का बितरण भी हुआ किया गया। साथ ही अबुवा आवास 386, कुंआ 22, जॉब कार्ड 109 गुरुजी क्रेडिट कार्ड 7 कल्याण विभाग के 28, श्रम कार्ड 64, आयुष्मान कार्ड 18, आवेदन प्राप्त हुए और स्वास्थ्य जांच 75 लोगों का किया गया और निशुल्क दवा का वितरण किया गया। मौके पर आईटीडीए निदेशक इंदु गुप्ता ने कहां की आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं से लाभान्वित करना है। बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि सभी आवेदन पर तत्वरित कार्रवाई करते हुए लोगों को लाभ से जोड़ा जाएगा। मौके पर उपस्थित लोगों में पंचायत समिति सदस्य सरवन उराव, उपेंद्र उरांव, अशोक कुमार, संजय पांडे, विवेक कुमार सहित कई विभाग के कर्मी पदाधिकारी व ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

# झारखंड की अस्मिता को बचाने के लिए आजसू पार्टी को जिताना होगा: सुदेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर ।** चैनपुर प्रखण्ड अंतर्गत जनावल पंचायत में रविवार को आजसू पार्टी का पंचायत स्तरीय बैठक का अयोजन महिला प्रखंड सचिव सह पंचायत समिति सदस्य शांता टोप्पो की अध्यक्षता में किया गया । जिला महिला महासचिव पिंकी कुजूर ने कहा कि झारखंड में महिलाओं की हिस्सेदारी और महिलाओं को सम्मान देने का काम माननीय उप मुख्यमंत्री सह केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने दी है आज झारखंड 23 साल का हो गया है अब झारखण्ड की अस्मिता को बचाने के लिए आजसू पार्टी की सरकार को बनाना होगा। अभी की वर्तमान हेमंत सरकार लूट खसोट और भ्रष्टाचार में लिप्त है । वही आजसू पार्टी के प्रखंड उपाध्यक्ष दीप्ति रोज लकड़ा ने कहा कि सामाजिक न्याय और विकास की सोच को मुखर के साथ झारखंड में लाना है । साथ ही प्रखंड महिला अध्यक्ष ने कहा की आजसू पार्टी आदिवासियों की हित की बात करने वाली पार्टी है। और आजसू पार्टी में जाति भेद भाव नहीं किया जाता है इस दौरान जनावल पंचायत कमिटी का विस्तार किया गया। जिसमें महिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका देवी, महासचिव पूर्व मुखिया केरेसेंसिया कुजूर, को सर्वसम्मति से चुनाव किया गया। वही सचिव फुलक्रिया सारस, संगठन सचिव नीलिमा सारस, सह सचिव नीलिमा एक्का , कोषाध्यक्ष जसिंता लकड़ा उपाध्यक्ष आरती एक्का, अंजना सारस, सदस्य निर्मला एक्का, जोगिया देवी, संगीता एक्का को सर्वसम्मिति से आजसू पार्टी में शामिल कर जिम्मेदारी सौपी गई । मौके पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य ज्योति टोप्पो, हिरा देवी, राधा कुमारी, रूक्मणी कुमारी, आशा बिमला तिर्की मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

# 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जारी ।** जारी प्रखंड अंतर्गत गोविंदपुर पंचायत सचिवालय में आज सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां विभिन्न विभागों का स्टोल लगाया गया था मौके पर बिरसा सिंचाई कुप समवर्धन मिशन के 10 कंबल 30 धोती 10 साड़ी 10 एवं महिला समूह तिगरा के समूहों के बीच 6 लाख का परिसम्पत्तियों का वितरण किया है। मौके पर वीडियो रेशमा रेखा मिंज ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सरकार के द्वारा विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए ग्रामीणों के बीच शिविर का आयोजन किया जा रहा है आप सभी ग्रामीण जो योजना का जरूरत है उस योजना में आवेदन करें निश्चित रूप से आपको उसी योजना का लाभ मिलेगा प्रखंड प्रमुख उर्मिला केरकेट्टा ने कहा कि सरकार आपकी सुविधा के लिए आपके घर द्वार में शिविर लगाकर आपको योजना दे रही है आप शिविर में आए और निश्चित रूप से इस योजना का लाभ ले सरकार का सोच है की अंतिम व्यक्ति तक के लोग भी योजना का लाभ उठाएं।मौके पर डीटीओबिजय बिरूवा, बीपीओ कांति कुमारी प्रखंड प्रमुख उर्मिला केरकेट्टा रजनी मिंज विनय एक्का, माइकल कुजूर चाजरेण मिंज,वसीम अन्सारी, बिनोद उराँव, रंजीत उराँव, परशुराम उराँव, अजय काश्मीर टोप्पो,सहित सैकड़ो की संख्या में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ग्रामीण शामिल थे।

## कंटेनर के साथ पशु तस्कर गिरफ्तार

**सिसई (आजाद सिपाही)।** सिसई पुलिस ने गुप्त सूचना पर पशु तस्करों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए सोमवार की सुबह 23 पशु सहित एक कंटेनर को जप्त किया है। साथ ही एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। हिरासत में लिए गए व्यक्ति को वाहन का चालक बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गश्ती के दौरान एएसआई अनवर अंसारी को तस्करी के लिए एक कंटेनर में पशु ले जाने की गुप्त सूचना मिला था। थानेदार को सूचना देते हुए एएसआई ने दलबल के साथ कुम्हार मोड़ में वाहन को पकड़ने के लिए मोचाबंदी किया। जवान सभी वाहनों को रोक कर जांच कर रहे थे इसी दौरान पुलिस को देखते ही एक चालक वाहन को तेज गति से लेकर भगाने लगा, जिसे खदेड़कर भगत पेट्रोल पंप महुआडीपा के समीप पकड़ लिया गया। वाहन चालक को छोड़कर वाहन में सवार अन्य लोग भागने में सफल रहे। सोमवार को सभी पशुओं को देख रेख के लिए जिम्मेनामा पर किसानों के बीच बांट दिया गया।

# महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती को भारतीय भाषा उत्सव के रूप में मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया में भारतीय भाषा उत्सव मनाया गया। तमिल भाषा के महान कवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती पर आयोजित इस कार्यक्रम का प्रारंभ प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने सुब्रमण्य भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व पुष्पार्चन कर किया। पूरे देश मे महाकवि सुब्रमण्य भारती की जयंती को भारतीय भाषा उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। संभाषण में शिक्षा विषय पर करण उराँव ने कुडुख, लोरेन धान ने हिंदी, प्रमोद उराँव ने संस्कृत, सुधीर खेरवार ने अंग्रेजी, मुकुट आइन्द ने मुंडारी तथा आशीष उराँव ने नागपुरी भाषा मे अपने विचार रखे। पर्यावरण विषय पर रुक्मिनीश सिंह मुंडा ने पंचपरगनिया, पॉल जैक्सन केरकेट्टा ने हिंदी तथा स्वास्थ्य विषय पर निखिल उराँव ने हिंदी में अपने विचार रखे।एकल गीत की श्रेणी में शिवम महली ने हिंदी,सूरज उराँव तथा शिवा उराँव ने कुड़ुख तथा जेम्स पीटर उराँव ने बंगला भाषा में गीत गाया। समूह गीत की श्रेणी में छात्रों ने संस्कृत और नागपुरी भाषा मे गीत गाया। संस्कृत समूह गीत में जहाँ जेम्स पीटर उराँव, सचिन उराँव, रोहन कुजूर, मनोहर उराँव, देवनाथ लोहरा,राजवीर मुंडा तथा निशांत मुंडा ने देशभक्ति गीत गाया। वहीं नागपुरी भाषा में आलोक उराँव, प्रमोद उराँव, रुस्तम उराँव, सूर्या उराँव, सत्यम महली, सूरज उराँव, महेश उराँव, दीपक उराँव, शिबा कुमार लकड़ा,मनीष उराँव अरुण उराँव तथा अनिश उराँव ने देशभक्ति गीत गाया।

# महाकवि की जयंती पर बहुभाषी उत्सव संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** विद्या भारती द्वारा आयोजित महाकवि सुब्रमण्यम भारती के जन्म दिवस पर अद्वितीय बहुभाषी कार्यक्रम सोमवार को सरस्वती विद्या मंदिर में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामकिशोर रजक, उपाध्यक्ष अशोक कुमार मुकुल, सचिव विजय बहादुर सिंह, कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार दास, समिति सदस्य राजेश कुमार सिंह तथा प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने महाकवि सुब्रमण्यम भारती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया। सचिव विजय बहादुर सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि महाकवि मात्र एक कवि नहीं अपितु उनकी हर साँस और धड़कन में राष्ट्र भक्ति, भाषाओं के प्रति आसक्ति, संस्कृति सभ्यता के प्रति ऊँचे विचार, समाहित थे । प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा उपस्थित बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे ऐसे साहित्यकार थे जो सक्रिय रूप से स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल रहे तथा उनकी रचनाओं से प्रेरित होकर दक्षिण भारत में बड़ी तादाद में आम लोग आजादी की लड़ाई में कूद पड़े।

## गुमला रेंजर के भ्रष्टाचार के विरुद्ध 14 दिसंबर को होगा प्रदर्शन

**गुमला (आजाद सिपाही) ।** जंगल बचाओ अभियान समिति वन क्षेत्र गुमला के तत्वाधान में गुमला रेंजर के भ्रष्टाचार के मुद्दे पर 14 दिसंबर को धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जंगल बचाओ अभियान समिति का आरोप है कि रेंजर द्वारा वन विभाग की योजनाओं को अपने पॉकेट की योजना के माफिक संचालित कर भ्रष्टाचार किए जा रहा है। जिसके विरुद्ध पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत 14 दिसंबर 2023 को वन प्रमंडल गुमला कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया जाएगा। विदित हो कि जंगल बचाओ अभियान समिति द्वारा गुमला रेंज एरिया में वन विभाग की योजनाओं में फैले भ्रष्टाचार के विरुद्ध पोल खोल हल्ला बोल कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

